Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ आरोपीगण श्री सुबोध अग्रवाल व अन्य की पतारसी के संबंध में।

1. पतारसी की अब तक की अवधिः— दिनांक 17.02.2026 से आज दिनांक 04.03 2026 तक कुल 16 दिवस

2. पतारसी हेतु टीमों की संख्याः **उप महानिरीक्षक पुलिस एवं पुलिस अधीक्षक** के नेतृत्व में **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप अधीक्षक पुलिस, पुलिस निरीक्षक व अन्य अधिकारियों की कुल 40 टीमों** द्वारा आरोपीयों की पतारसी जारी।

3. शहर/कस्बे जहां पतारसी की गईः जयपुर, उदयपुर, बाड़मेर, जोधपुर, झालावाड़, कोटा, नागौर, विराट नगर, निवाई टोंक, चंदवाजी आमेर, गगांपुर सिटी, नई दिल्ली, चण्डीगढ़, हरियाणा के फरीदाबाद, सोहना, यु.पी. में नोएडा, मेरठ, प्रयागराज, बुलंद शहर, खूर्जा तथा मुंबई इत्यादि व आस—पास के इलाके कुल करीब 21 शहरों में करीब 100 से अधिक ठिकानों पर पतारसी की गई। इन ठिकानों में आरोपीयों के स्वंय के निवास स्थान, नई दिल्ली में न्यू मोती बाग कॉलोनी, डिफेन्स कॉलोनी एवं होटलों में, फरीदाबाद में सेक्टर—39 स्थित फ्लेट, नोएडा में परिवारजन / दोस्तों के आवास, सोहना के अन्दर फार्म हाऊस, मुंबई में मालाबार हिल एवं जुहु में स्थित रिश्तेदारों के आवास, जयपुर में सी—स्कीम /निर्माण नगर/ मान्यावास / बजाज नगर विस्तार स्थित स्वंय के आवास, सुन्दर नगर जयपुर में मान हाऊस, जयपुर के आस—पास सिवाड़ जयपुर, बगरु, बिन्दायका स्थित फार्म हाऊस इत्यादि स्थान मुख्य हैं।

4. कितने लोगों से पूछताछ की गईरू अब तक करीब 50 लोगों से पूछताछ की गई, जिनमें उनके करीबी रिश्तेदार, दोस्त, नौकर, ड्राईवर, आश्रय देने वाले व्यक्ति शामिल हैं।

5. तकनीकी पतारसीः— आरोपीयों के 05 शहरों में स्थित स्वंय, परिवारजन, रिश्तेदार एवं दोस्तों के ठिकानों के सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण कर सूचनाऐं संकलित की जाकर पतारसी की जा रही है।

6. आरोपीयों को सहयोग देने वाले व्यक्तिः— दिल्ली, मुंबई, नोएडा, फरीदाबाद, मेरठ में सहयोग देने वाले 04 व्यक्तियों श्री गौरव अग्रवाल— सुबोध अग्रवाल का मौसेरा भाई को मुंबई से, श्री सौरभ अग्रवाल—सुबोध अग्रवाल का मौसेरा भाई को फरीदाबाद से, श्री समीर अग्रवाल श्रीमती रोली अग्रवाल का ममेरा भाई को मेरठ से व श्री प्रणव चन्द्रा करीबी मित्र एवं व्यवसायी को नोएडा से लाया जाकर आरोपीयों की पतारसी के संबंध में पूछताछ की गई।